OM-22 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 10/02/2021 5:06 PM Page 3



# शिवरात्रि आई शुभ सन्देशा लाई



- ब्र.कु. जगदीशचन्द्र हसीजा

**"अब शिवरात्रि आयी है। यह भी नया सन्देश लाई है। शिव बाबा अपने प्रेम पत्र में कहते हैं - मीठे बच्चे, क्या कर रहे हो? ज़रा देखो तो, सोचो तो, ध्यान तो दो कि क्या कर रहे हो? परमपिता का परिचय प्राप्त करके, योगी जीवन की प्रतिज्ञा करके, पूर्ण पवित्रता का व्रत लेकर जो और जैसा करना चाहिए, क्या वह और वैसा कर रहे हो? जीवन में कितनी बार शिवरात्रि आई है क्या अब अन्तर्मन का तामस और अन्धकार मिट गया है या अभी भी अन्धेरा मन को कभी ढक लेता है?**

अब जिन्हें परमपिता शिव का ज्ञान मिला है, जिन्हें योग की पद्धति का परिचय हुआ है और जीवन में दिव्य गुणों की सुगन्धि भरने की विधि समझ में आई है, उनकी एक अपनी ही अद्भुत साधना शैली है। परन्तु कौन कितना अपने जीवन में उसका लाभ लेता है, यह तो हरेक पर अपने-अपने तौर से निर्भर करता है। प्रातः जगते ही और आँख खुलते ही, परमपुनीत शिव बाबा की ज्योतिर्मय, अति सुन्दर, अव्यक्त, अस्तित्व की स्मृति में लवलीन हो जाना और फिर उनकी स्मृति से ही अपनी दिनचर्या को शुरू करना और मन को उनमें समाहित करके आनन्द विभोर होना - ये ज्ञान मार्ग की विधि है। परमपिता शिव को आदरपूर्वक एवं स्नेह स्निग्ध होकर, भोग लगाकर ही भोजन करना तथा चलते-फिरते, उठते-बैठते, नित्य-निरन्तर उनकी अटूट स्मृति में तन्मय होना - यह ज्ञान मार्ग की मर्यादा है। इन सब का पालन करने से जीवन में अद्भुत निर्मलता आती है, आनन्द तथा उत्साह की एक अटूट धारा प्रवाहित होती है और एक अजब मस्ती-सी बनी रहती है। परन्तु माया बड़ी प्रबल है; मनुष्य पुरुषार्थ मार्ग पर चलते-चलते बाह्यमुखता की फिसलन के कारण फिसल जाता है और अपनी धारणा की हड्डी-पसली तोड़ बैठता है। परन्तु इससे बचने या फिर से स्वस्थ एवं सशक्त करने के लिए कृपा निधि शिव बाबा कोई न कोई युक्ति करते हैं और प्यारे बच्चों को संदेश भेजते रहते हैं। समय-समय पर जो त्योहार आते हैं, वे भी यही लाभ पहुँचाते हैं।

अब शिवरात्रि आयी है। यह भी नया सन्देश लाई है। शिव बाबा अपने प्रेम पत्र में कहते हैं - मीठे बच्चे, क्या कर रहे हो? ज़रा देखो तो, सोचो तो, ध्यान तो दो कि क्या कर रहे हो? परमपिता का परिचय प्राप्त करके, योगी जीवन की प्रतिज्ञा करके, पूर्ण पवित्रता का व्रत लेकर जो और जैसा करना चाहिए, क्या वह और वैसा कर रहे हो? जीवन में कितनी बार शिवरात्रि आई है क्या अब अन्तर्मन का तामस और अन्धकार मिट गया है या अभी भी अन्धेरा मन को कभी ढक लेता है? क्या सत्य-असत्य, पवित्रता-अपवित्रता, सद्गुण-दुर्गुण, अच्छाई-बुराई, आसक्ति-त्याग, लोभ-वैराग्य, तपस्या-लिप्सा इत्यादि का भेद पूरी तरह समझा है? अब जीवन मंज़िल के कितना नज़दीक है और कितना दूर? कितना समय प्रकृति के पदार्थों की याद रहती है और कितना समय पुरुष रूप आत्मा की तथा परमपुरुष परमात्मा की स्मृति बनी रहती है? क्या मनोविकारों की रस्सियां टूटी हैं, ढीली हुई हैं, या अभी भी कोई रस्सी बंधी हुई है? उसे कब तोड़ने का विचार किया है? अभी किस का इंतज़ार है? क्या पूरी ईश्वरीय सम्पदा प्राप्त करने के अधिकारी बन चुके हैं या अभी बनना बाकी है? तब और कौन-सा समय आयेगा? क्या समय कहीं ओर से मिलेगा? तीन बार की बोली से तो करोड़ों का सौदा भी हो जाता है और सम्पत्ति एक के हाथ से निकल कर दूसरे के हाथ चली जाती है। आपने कितनी शिवरात्रियां मनाई हैं और कितनी बार सम्पूर्ण भाव से शिव बाबा का बनने का प्रण किया है? क्या तब भी सौदागर शिव बाबा से सौदा नहीं हुआ?

इस प्रकार, शिवरात्रि हमें सन्देश देती है कि ज्ञान-मार्ग की मर्यादा का अब कुछ भरसक पालन करो। योग का प्रयोग करो।



शांतिवन-आबू रोड। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात् उपस्थित हैं राजयोगिनी ईशु दादी, राजयोगी ब्र.कु. निर्वैर भाई सम्बोधित करते हुए, राजयोगी ब्र.कु. भूपाल भाई, ब्र.कु. गीता दीदी, ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी तथा अन्य ब्र.कु. भाई बहनें।



दुमका-झारखण्ड। ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कृषि राज्यमंत्री बादल पत्रलेख, शहर उपाध्यक्ष विनोद लाल, ब्रह्माकुमारी बहन तथा अन्य।




गया-ए.पी. कॉलोनी(बिहार)। पिताश्री ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए ऊषा डालमिया, सुशीला डालमिया, समाजसेवी रेणुका पलीत, व्यवसायी राजकुमार अग्रवाल, बोध गया बोधी ट्रस्ट के सी.ए. विश्वनाथ जी, इंजीनियर विजय जी, गुरू आक्षेत्र के पूर्व विधायक राजीव नंदन, मगध प्रमंडल आयुक्त के पूर्व स्टेनो आनंद मोहन तथा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुनीता बहन।



मुम्बई-वाशी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के ध्वज को सलामी देते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. संतोष दीदी,क्षेत्रीय निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़,महा., स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शीला दीदी तथा अन्य ब्र.कु. भाई बहनें।




ब्यावरा-राजगढ़(म.प्र.)। ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुए विधायक रामचन्द्र दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष दिलवर यादव, भारत की अकेली महिला पैरा साइक्लिस्ट तान्या डागा, ब्र.कु. लक्ष्मी बहन तथा अन्य। सभी अतिथियों एवं ब्र.कु. लक्ष्मी बहन द्वारा तान्या डागा को सम्मानित किया गया।




इंदौर-म.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा आयोजित 'विश्व शांति के लिए युवा-प्रोजेक्ट 2021' का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए डॉ. गजेन्द्र नारंग,डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी इंटरनेशनल, रोटरी इंटरनेशनल साउथ एशिया के ज़ोनल कोऑर्डिनेटर नितिन डफरिया, क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. आरती दीदी, ब्र.कु. सुनीता दीदी, ब्र.कु. दीपाली, ब्र.कु. दुर्गा तथा अन्य।



सादाबाद-उ.प्र.। ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर 'योग तपस्या भट्ठी' कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. सीता,हाथरस जनपद प्रभारी, आगरा से आईं राजयोगिनी ब्र.कु. कविता,उपक्षेत्रीय संचालिका,भरतपुर, डॉ. रंजना सिंह,आगरा, ब्र.कु. विभोर सिंह,आगरा, ब्र.कु. रविन्द्र,माउंट आबू, ब्र.कु. सीमा,दाऊजी, रामरक्षपाल जी,कासगंज, समाजसेवी गीता गौड़, अशोक जायसवाल, ब्र.कु. प्रवीणा तथा अन्य ब्र.कु. भाई बहनें।




रायपुर-छ.ग.। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर शांति स्तम्भ की प्रतिकृति पर माल्यार्पण करते हुए क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला दीदी।



मथुरा-रिफाइनरी नगर(उ.प्र.)। ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ईश्वरीय स्मृति में स्थानीय विधायक कारिंदा सिंह, आशीर्वाद अस्पताल से डॉ. चारू जैन, सपा नेता शिवकुमार, मानवाधिकार संरक्षण तथा समाज कल्याण विकास संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेत्र पाल सिंह, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कृष्णा दीदी, मथुरा रिफाइनरी में कार्यरत ब्र.कु. हंसा तथा अन्य गणमान्य मेहमानों सहित ब्र.कु. भाई बहनें।



सारंगपुर-म.प्र.। ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् उपस्थित हैं ओ.पी. विजयवर्गीय,वरिष्ठ अधिवक्ता,वरिष्ठ लायंस क्लब सदस्य, सत्यनारायण शर्मा,काव्य गोष्ठी प्रभार, कैलाश नारायण भेसानिया,पूर्व सरपंच, पंडित अंबाराम जी, ओ.पी. दुबे, ब्र.कु. भाग्यलक्ष्मी तथा अन्य अतिथिगण।



पटियाला-अर्जुन नगर(पंजाब)। ब्रह्माकुमारीज़ के मॉडल टाउन सेवाकेन्द्र द्वारा प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन संत बंगा जी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शान्ता दीदी तथा ब्र.कु. राखी दीदी।



व्यारा-गुज.। युवा दिवस के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. सारंग, ब्र.कु. अरुणा तथा डांस एवं फिटनेस ट्रेनर चेतन तिवारी।